अमर उजाला 18/10/2022

# बॉक्सिंग में दीपांश ने झटका सिल्वर मेडल



**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के छात्र दीपांश ने 13 से 15 अक्तूबर तक आयोजित इंटर कॉलेज स्टेट चैंपियनशिप बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल हासिल किया। यह प्रतियोगिता एमएम कॉलेज फतेहबाद द्वारा करवाई गई थी। प्राचार्य डॉ. वीके जैन और प्रबंधक कमेटी ने दीपांश को बधाई और शुभकामनाएं दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि स्पर्धा में दीपांश ने शानदार प्रदर्शन किया और 56 किलो वर्ग में भाग लेकर 4 फाइट जीतकर रजत पदक जीता। रुपाली ने पदक विजेता को उसकी इस उपलब्धि के लिए सराहा। साथ ही भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के जरिए संस्था एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संवाद